Such as the tree is, such is the fruit.
The best shelter for a girl is her mother's wing.
Undutiful children make wretched parents.

CHITTOR

Cradle of Rajput Chivalry

—Shri J. N. Challo

CHITTOR-garh was the ancient capital of Sisodia Rajputs of Mewor who were the quintessence of Rajput pride and valour.

It was here that the flower of Rajput chivalry blossomed and men and women repeatedly gave up their lives preferring death to dishonour and surrender.

The ruins of the great monuments of Chittor speak eloquently of the many grim and glorious deeds of heroism and sacrifice which have become almost a myth.

Chittorgarh is 392 miles from Delhi via Jaipur and Ajmir on the western railway and sixty nine miles by rail from Udipur.

Tradition ascribes the foundation of the fort of Chittor to chitrang, the chief of the Mori Rajputs who ruled the place in the 7th century. He called it Chitrakot and a tank named after him is still found in the southern part of the fort.

The fort of Chittor crowns a rocky hill which stands 500 ft. above the surrounding plains. It covers an area of 690 acres and is surrounded by a strong crenellated wall. There are extensive ruins of temples, towers, palaces and tanks dating from the 9th to the 17th centuries here.

The way to the fort is by a steep spiral road on which, at seven strategic points, are imposing pols or gateways containing rooms for the gaurds. The main gate called Ram Pol is an imposing structure built of large, finely carved stones embellished with decorative designs.

Two Towers

The principal monuments in the fort are the two towers, the Kirti Stambha or the tower of fame, and the Jai Stambha or the tower of victory.

The Kirti Stambha was built by a jain merchant named Jija in the twelfth century and is dedicated to Adinath, the first of the twenty four Tirthankaras. Consisting of five storeys the Tower has on the outside sculptured ornamental designs.

The Jai Stambha was erected by Maharana Kumbha between 1458 and 1468 to commemorate his victory over Mohmud Khilji of Malwa The tower has nine storeys of which the upper two are more ornamented than the others.

The palace named after Maharana Kumbha is a simple and attractive building typical of Rajput civil architecture. The palace of Rani Padmini is a large building overlooking a tank in the middle of which is another pavillion reputed to be her island-retreat. Allauddin Khilji is said to have beheld the fair queen in a mirror in this palace. The palace of Maharana Rattan Singh, her husband, and the houses of Patta and Jaimal are almost in ruins.

Archaeological researches have shown that the banks of Ghambiri, on which the historic fort of Chittor

stands, was the abode of early man in Rajasthan. King Harsha of Kanauj has described it as a place of pilgrimage. Sir Thomos Roe, the British ambassador to the court of Moghul Emperor-Jahangir paid a visit to the fort in 1615 A. D. and said of it, "Chittor, an ancient city ruined on a hill but so that it appears a tomb of wonderful magnificance". Our great philosopher and poet Rabindra Nath Tagore too, sang a sublime song about this famous fort.

LEISURE

—Kiran Peshin X A. (K G. School)

What is this life, if full of care
We have no time to stand and stare
(Poet Davies)

Some great men are over busy. They work for 15 to 17 hours a day. Evidently such people sigh for leisure on the other hand the retired men's life is all leisure. They have nothing to do. They do not need more leisure but some work.

Too much leisure makes us lazy. Rest is rust, work is worship. It all the days were holidays, we would pray for work. The retired and unemployed have leisure that is killing.

We should learn the good use of leisure Generally we do not know what to do in our free time. If we kill time, time will kill us. What is our life, but time, we sleep away our leisure or talk it away. If

we have nothing to do we feel dull and bored. People feel miserable and even fall ill during the holidays.

After hard work leisure is sweet. We should know that leisure is a tonic to tired and busy minds. Hobbies are the best way of filling one's leisure. Various people have various hobbies Some collect stamps and old coins. others practise drawing, dancing, or music in their leisure time. Some women fill their leisure with idle gossip or with talking ill of others.

Those who have too much work want leisure. Those who have too much leisure want work. After idleness leisure is a cure, after hard work leisure is pleasure.

LIFE IS A BATTLE

—Rekha Sapru X B. (V. G. School)

ONE often hears, "life is not a bed of roses" but a continuous battle which requires a great stubborness of will if one wants to win it. But if we get disillusioned by minor obstacles we will never climb the ladder of victory. So it entirely depends on us as to how we face this great battle. As shakespeare says in Hamlet,

'To be or not to be: that is the question,
Whether' tis nobler in the mind to suffer
The slings and arrows of an out rageous fortune.
Or to take against a sea of troubles
Any by opposing end them".

Singleness of purpose and determination to overcome all the obstacles pave the way to triumph tough mindedness and an iron will, will give one the light in the darkest hours. If we can remember that "Life is a test give of your best".

Many of our difficulties are imaginary, rooted in irrational fears "I have had many troubles in my life said James A Garfield, "but the worst of them never came". Troubles are like babies: They grow by nursing as they say, appearnces are deceptive. In reality there is seldom a problem that we have not faced before and most of them are not as deep destructive as they appear to be.

To sum up I hope all the readers will agree with Mr. Goldsmith that "The greatest glory consists not in falling. But in rising every time we fall".

The Population Problem

—Anil Raina VIII (K. G. School)

NOBODY can deny the fact that the present human life is safer than it was before. For centuries millions of people had been victims of diseases. Perhaps this was so because of the natural law to maintain a satisfactory ratio between the birth rate and the death rate. But in the first half of the present century, especially after World War II, there has been considerable and very rapid and dreadful increase in population. Of course now birth rate has fallen but this is accompained by a more rapid fall in the death rate. Thus

inspite of the falling birth rate, population has continued to increase.

This problem of increasing population is faced not only by our country but the world also at large. Thus it clearly signifies that it is an inter-national problem. So certain measures to tackle this problem on international level have been taken. It is injudicious not to realise the severity of the problem of increasing population. Over population acts as a wall against the pleasures of life. It renders our struggle for progress and prosperity null and void. all our efforts for the well-being and welfare prove a failure due to rapid growth in population.

If the same rate of increasing population is maintained unchecked, then the question arises, what would be our condition, or to say our future within a quarter of a century. Will it be possible for over population to have a satisfactory arrangement of living ? The population problem may give birth to other secondary problems which may not be easy to be solved. Life will be very miserable and man will have no purpose of living. Nations may fight with one another only because of poverty due to increase in population. Inspite of scientific developments, industrial revolution will be effected. Our industrial production will of course, be increased by the application of scientific technique but still it will not fulfil our requirements.

There may be different opinions, but the most important and subustantial factor to promote a nation is to raise its standard of life, to provide good education and better nutrition. If the rate of birth

remains without check, how can we be able to provide our children with good education including physical and moral education.

Excessive population will definitely lower the average increase in resources with the result that man will have to suffer. If the population continues to increase, democracy will be uprooted, crimes will increase, thousands and millions of people may die of starvation and starvation may compel people to commit suicide.

The above mentioned facts show only the dark side of the problem. We can hope for a better future but the utmost and important necessity is to limit our families. We must advocate family limitations. We must launch a propoganda in favour of birth control and advocate the scientific know-how to tackle the problem, so as to have a better future and better well-being for us.

WE ARE DOING IT

Shri J. N. Raina Principal

THE Schools under the Management of the Women's Welfare Trust aim at an all round development of the child to imbibe a spirit of self-lessness, service of the Poor and Weak irrespective of caste and creed, educate in plain living and high thinking, in order to create happy homes To full-fill the objectives the undermentioned activities are undertaken in our schools.

1-1. **Celebrations and sweet memories.** These are held on the dates given against each :—

a) 8th May White Lotus Day (Death anniversary of Madam H. P. Balavatsky co-founder of the Theosophical Society). This year it was celebrated at Vasanta Girls High School. The meeting was attended by the Theosophists and all those having thirst to search after Truth.

b) 21st May Buddha Jayanti. It was celebrated in the Hall of Great in Vasanta Girls High School. Various aspects of Buddha's life in reference to his great teaching of Ahimsa "Non-violence" in thought word and deed is the essence of that TRUTH-were brought to the home of the auidance.

c) 27th May '73 Death Anniversary of Pt. Nehru was celebrated in all the Trust Schools.

d) 15th August Independence day Celebration. This is being celebrated separately in all the Schools tracing the History of Indian Independence.

e) 1st October Dr. Annine Besant Birthday. This is usually celebrated in the Hall of Great in Vasanta Girls High School, the Institutions in whose name it Stands.

f) 2nd October. Gandhi Ji's Birthday. The meeting of the students, members of the staff of all the schools under the auspices of the Women's Welfare Trust. Kashmir to-gether with the sympathisers of all classes and creeds assembled in Kashyapa Girls Gigh School to commemarate his memories.

g) 14 November Pt Nehru's Children day.

h) 26th January Republic Day.

i) 30th January Gandhi Ji's Martyar day.

1-2. Rural Social Welfare Camp :

This year we are contemplating to hold Rural Social Welfare camp in the neighbourhood of Srinagar with an aim of educating the women folk in home craft and home science. The suitable site and place in the most back-ward tract is under survey.

1-3. **Extension Lectures** :

This year, the Kashyapa Lodge of the Theosophical Society, arranged a series of lectures by Dr. B. R. Mallick M. A; P. HD of the Department of English of Agra College (U. P.)

The lectures were delivered from 9th June to 16th June '73 at different places on the various Topics viz The Building of New Civilization, Science of Human Soul, India's Role in the Modern World, The Yoga Theosophy, Crisis of character in the Modern World, The youth problem and the Building of character.

1-4. **School excursions** :

As a routine the students are taken out on excursion to different spots to study the nature around us and the working of geographical phenomena. The students went out to Sonarwani, Harwan and other places.

1-5. **Painting competition** :

The students of the age group 9–16 of Vasanta and Kashyapa Girls High School participated in this competition. The results are awaited. Let us hope for the best.

1-6. **Training in the Dexterity of Fingers** :

This year we arranged a short training course

for the girl students in multicoloured paper making articles like garlands, roses and preparing other decorative material from paper in both the high schools just to train the students in the Dexterity of Fingers. This is to engage the students in leisure hours and even earn something.

1-7. **Academic Side :**

Turst schools have shown good results all along. This year, inspite of the harrasement which our students had to face in the Examination Halls by the outside interferance on the Day of the Mathematic 'B' the result pass % has touched 75%.

The public has all appreciation for the work done by teachers.

1-8 **Teachers Meet :**

The Staff of all the Trust Schools meet once a month to discuss the ways and means of improving the educational standards of the students.

1-9 **Students activity Council :**

The Council has been created in each of the School to arrange the extra-currical aspects of students life. The council is represented by the various houses into which the schools are divided. In the Vasanta Girls High School, we have four houses viz Jhansi, Bapu, Jawahir and Besant. In the Kashyapa Girls High School, there are Rupabawani, Kashap, Balavatsky and Haba Khatone and in Jawahar Girls Middle School have House, Lal-Dad and Habakhatone. The senior staff members are included in this Council. The council organises games, sports, popular lectures, and debates, Dramas, General cleanliness of the School etc.

1–10. **Talent Night :**

This has been intoroduced with a view to search New talents amongst the students in Sanskirt and music. Special examinations are arranged for such students.

1–11 **Cultural Wing :**

As already stated in the previous issue of the Magazine the cultural wing in each school is progressing well and members have staged some of the Dramatic shows in Vasanta Girls High School to the parents of the students reading in these schools. Dr. Sudershan Koul (Mahaldar) has been kind enough to donate Rs 500/- for the improvemnnt of this wing.

1–12 The management has increased the contingent grants of the Schools by more than Rs. 20,000 00 this year just to provide necessary equipment and good accomodation to the students. This will facilitate in imparting good education to all those who seek admission in the Trust Schools.

1–13. **Parental conference :**

This is a regular feature of the school activity. The parents are called and matters partaining to the general improvement of the school discussed.

1–14. The rest of the school activities continue to function as usual as discussed in the last issue of the Magazine.

1–15. To provide relief to the teachers working in the Trust Schools against the rising prices the Managment has increased the D. A. by Rs. 15/- from the 1st June '73.

1–16. Mr. R. K. Koul and his daughter donated a sum of Rs. 260 to give refief to the poor students reading in the Trust Schools.

तमसो मा ज्योतिर्गमय!

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।

WHERE WOMEN ARE ADORED THERE GODS DWELL

वसंत

वसन्ताँक १९७३

वीमेंस वेल्फेयर ट्रस्ट स्कूल्ज़ की

मुख पत्रिका

विषय सूची

युग प्रवर्तक गांधी

—मुन्नी रैणा (व० ह० स्कूल)

कभी कभी संसार में
ऐसे मनुष्य खिल उठते हैं
कि नाम जिनका सुनते ही
अत्याचार हिल उठते हैं।
उदाहरण इन अत्याचारों का ही—
अंग्रेज़ों की सरकार
हाथ में लिये अपने जिन्होंने
दूसरे लोगों के अधिकार।
देने हमको आज़ादी तेज तूफानों में
कूद पडा इक मानव महान
जिसने भारत की जनता पर
किए बहुत अधिक ऐहसान
सहा दूसरों का तन मन से,
स्वयं बहुत अपमान
परन्तु स्वयं हार्दिक प्रेम से
किया सभी का बहुत सम्मान
करता था जिनमें निवास—
इक शक्तिमान आध्यात्मिक बल,
चल पडे जिस ओर से वे
पडे उसी ओर जनता के दल।
भारत नैया की ले पतवार,
कूद पडे वे बीच-धार,
कर सके न कुछ उसके आगे
दुष्ट कठोर अंग्रेज अपार।
केवल सत्याग्रह से जिसने,
देश को किया था स्वतन्त्र।
और खोल दिये वे हस्त,
कि जिनपर लिखे हुए थे दास्य-मन्त्र।

2

चतुर राजकुमार

—वीना काक (व० हृ० स्कूल)

बहुत पुराने समय की बात है कि चीन का एक राजा आजकल के चू-एन-लाई की भान्ति क्रूर था। उसका मन्त्री उसे भी क्रूर था। इन दोनों की क्रूरता और निर्दयता से प्रजा बहुत परेशान थी। लोग तंग आ चुके थे. सौभाग्यवश इस देश में एक दूसरे देश का राजकुमार घूमता फिरता चीन में आ पहुँचा। राजकुमार बहुत ही चतुर और बुद्धिमान था उसने लोगो को देखकर फैसला कर दिया कि वह राजा को सही रास्ते पर लायेगा। परन्तु जब लोगों ने सुना तो उनको यह सुनकर हंसी भी आई और साथ ही साथ दया भी क्योंकि वह जानते थे कि राजा उसे ऐसे प्रश्न करेगा जिनका उत्तर राजकुमार न दे सकेगा और राजा इसे दण्ड देगा।

दूसरे दिन राजकुमार साधारण वस्त्र पहन कर मन्त्री के पास गया और उसको बतलाया कि वह राजा से मिलना चाहता है। मन्त्री उसे राजा के पास ले गया। राजा ने राजकुमार से दो प्रश्न पूछे और कहा कि यदि कल तक उत्तर न दोगे, तो कैद कर दूँगा और तुम्हें प्रति-दिन चक्की पीसना पडेगी और अगर उत्तर ठीक ठीक दिया, तो तुमको बहुत सा पारितोषक दिया जायेगा। राजकुमार ने पूछा, आपके प्रश्न क्या हैं ?

राजा ने कहा—वह कौन सी चीज है जो सदा घटती रहती है और वह कौन वस्तु है जो सदा बढती रहती है ? यह सुनकर राजकुमार वहां से निकल पडा, दूसरे दिन लोग राजकुमार और राजा का फैसला सुनने के लिए एकत्रित हुए। राजकुमार बडी ठाठ बाठ से अच्छे वस्त्र पहन कर आया उसके एक हाथ में कुछ घास थी और दूसरे हाथ में दूध का लोटा। राजा ने अपने प्रश्न का उत्तर मांगा। राजकुमार ने नम्रता पूर्वक कहा—महाराज ! जो चीज हमेशा घटती है वह "आयु" है. और जो चीज हमेशा बडती है वह "वैर" है। राजा यह दोनों उत्तर सुनकर बहुत प्रसन्न हुआ। फिर उसने पूछा तुम हाथ में यह दूध का लोटा और घास क्यों लाये हो ?

राजकुमार ने आकर कहा, महाराज ! क्षमा कीजिये, यह घास

आपके मन्त्री के लिये लाया हूं। क्योंकि वह निरा गधा है और मैं उसको घास खाने को दूंगा और यह दूध आपके लिये है क्योंकि आप बिल्कुल बच्चों की तरह हैं। खुद नहीं सोचते, बल्कि जो कुछ मन्त्री कहता है आप उस पर अमल करते हैं। इसी कारण में यह दूध आपको दूंगा।

राजा और मन्त्री यह सुनकर बहुत लज्जित हुये। उन्होंने भविष्य में जुल्म न करने का प्रण किया और राजकुमार को बहुत सा धन देकर विदा किया।

गधा बन गया हीरो

—अनीता पण्डिता (व० ह० स्कूल)

एक बार मालिक के घर से
गधेराम ने सूट चुराया।
उसे पहन कर टाई बांधी
चश्मा आलीशान लगाया।
पहुँच गया फिर फिल्म कम्पनी
बोला मैं आर्टिस्ट बडा हूं।
एक चान्स तो दे कर देखो
सभी नायकों से तगडा हूं।
टेस्ट हुआ फिर ढेंचू ढेंचू
का मोहक संगीत सुनाया।
अभिनय किया दुलती झाडी
उछल-कूद कर नाच दिखाया।
उधर खोजता फिर रहा था
उसका मालिक धोबी बीरो।
उसे पता क्या, गधा बन गया,
फिल्म जगत का नामी हीरो।

अनमोल रत्न

—रेनू कौल (क० ह० स्कूल)

१. उद्देश्य को सामने रखकर हजार बार बढने का प्रयास करो, यदि हजार बार भी असफलता हो तो एक बार फिर प्रयत्न करो।

२. कभी किसी पर कीचड मत उछालो, हो सकता है कि तुम्हारा निशाना चूक जाए लेकिन तुम्हारे हाथ तो गन्दे हो गये।

३. भूल करना मनुष्य का स्वभाव है। अपनी भूल को स्वीकार करना और अपने आचरण से दुबारा भूल न होने देना ही सच्ची बहादुरी है।

४. यदि कोई आपके काम को देखकर प्रशंसा करता है तो कोई हानि नहीं, परन्तु यदि आप कोई कार्य प्रशंसा कराने के लिये करते हो तो वह अत्यन्त हानिकारक है।

५. सेवा करके भूल जाओ, सेवा कराके याद रखो।

६. विपत्ति में कभी निराश मत होओ। याद रखो कि अन्न उपजाकर संसार को सुखी कर देने वाली वर्षा की बूंदें काली घटा से ही बरसती हैं।

७. मनुष्य को मनुष्य से मनुष्य होने के नाते प्यार करना चाहिये न कि सम्पत्ति या अधिकार के कारण।

दर्पण

– कुमारी आरती चल्लू (क० ह० स्कूल)

लोगों का विचार है कि एटम बम दुनिया की सब से भयंकर वस्तु है। पता नहीं वे दर्पण को क्यों भूल जाते हैं? एटम बम ने तो कुल मिलाकर आजतक सिर्फ दो ही शहर नष्ट किए हैं, लेकिन दर्पण से हुए विनाश का हिसाब लगाना कठिन है। उदाहरण के लिए

महाभारत को ही लीजिए, कितना भयंकर युद्ध था। पांच हज़ार वर्ष पूर्व हुए, इस युद्ध की भयंकरता से आक्रांत कवि आज तक इसके विषय में कविताएं लिख रहे हैं. फिल्म निर्माता फिल्में बनाते हैं कथा-वाचक कथाएं पढ़ रहे हैं, पर महाभारत की भयानकता का वर्णन आज तक पूर्ण न हुआ।

इस महाभारत के पीछे क्या था? दर्पण! न द्रौपदी के महलों में दर्पणों की भरमार होती, न दुर्योधन ठोकर खाता, न द्रौपदी उसे व्यंग्य से अंधे का पुत्र कहती और न महाभारत की नींव पड़ती। जहां दर्पण होगा वहां युद्ध की नहीं तो क्या प्रेम की नींव पड़ेगी? पद्मिनी वाला किस्सा ही ले लीजिए। दर्पण की व्यवस्था न होती तो राणा साफ २ अलाउद्दीन से कह देता, "क्षमा कीजिए मिस्टर अलाउद्दीन, मिसेज़ पद्मिनी आप से नहीं मिलना चाहती" चलो किस्सा खत्म। लेकिन इस कमबख्त दर्पण ने वे गुल खिलाए कि महलों में उल्लू बोलने लगे।

पता नहीं दर्पण का आविष्कार किसने किया था? या तो यह किसी नारी की सूझ है अन्यथा किसी शैतान की करामात हो सकती है। दर्पण के आविष्कार का परिणाम यह हुआ कि आदमी दिन में कम से कम एक दर्जन बार दर्पण अवश्य देख लेता है।

नारी जब दर्पण के सामने बैठती है तो उसे घण्टों, मिन्टों का तो क्या शताब्दियों तक का ज्ञान नहीं रहता। दर्पण को झूठी प्रशंसा में तो कमाल हासिल है। अगर कोई नारी दर्पण के सामने बैठे और उस से पूछे, कहो मिस्टर दर्पण, मैं तुम्हें कैसी लगती हूं? दर्पण तुरन्त खीसे निपोर, वाह क्या कहना आपकी सुन्दरता का। इस मामले में तो कालीदास की शकुन्तला भी आपका मुकाबला नहीं कर सकती। नारी मोहित हो कर कहेगी, क्या मैं सचमुच शकुन्तला जैसी लगती हूं? दर्पण महाशय मस्का लगाएंगे :— अजी शकुन्तला तो क्या, आपका मुकाबला उसकी मां मेनका भी नहीं कर सकती।

यही प्रश्न अगर नारी किसी स्पष्टवादी व्यक्ति से पूछती तो उत्तर मिलता—देवी जी, आप हैं किस भ्रम में? चेहरे से यदि ये लीपापोती उतार दें और इन कीमती कपड़ों को छुट्टी दें तो आप कालीकलूटी

लालो भंगन की बहिन नज़र आती। बदसूरती के मामले में तो आप उसके समान ही हैं।

दर्पण कभी स्पष्टवादिता से काम नहीं ले सकता अगर लालो भंगन भी दर्पण से यही प्रश्न करें तो वह उसे उर्वशी बता देगा। संक्षेप में, दर्पण नारी का चम्चा है। दर्पण और साहित्य का भी पुराना सम्बन्ध है।

यदि आप किसी राहगीर से पूछें कि सर दर्द की दवा क्या है? वह फौरन उत्तर देगा—एस्प्रो! इसी तरह यदि आप उससे पूछें कि साहित्य क्या है? वह बिना सोचे समझे कहेगा—साहित्य समाज का दर्पण।

यह साहित्य की पेटेंट परिभाषा है। इस परिभाषा को सुनकर मेरे मस्तिष्क में एक शरारत भरा प्रश्न उठता है, कि साहित्य समाज का दर्पण है, तो फिर साहित्यकार क्या हुआ? समाज को दर्पण दिखाने वाला, यानि नाई।

उन साहित्यकारों को छोडकर जिनका काम समाज को मूंड कर उल्लू सीधा करना है, कौन साहित्यकार नाई कहलाना पसंद करेगा?

दर्पण ने साहित्य को काफी चकमा दिया है। रीतिकाल का तो सारा साहित्य दर्पण पर ही आधारित है। कई कवि सामने बैठे नोट करते रहते थे। कई कवियों को यह काम छिप कर भी करना पडता था। विशेषत: उन कवियों को, जिनको प्रेमिकाएं जरा तुनुक मिजाज की होती थीं।

आधुनिक कवि स्वयं दर्पण का प्रयोग करते हैं। इसलिए उनके साहित्य में दर्पण का प्रयोग कम हो जाता है। फिर भी यदा-कदा दर्पण का जिक्र भी आता ही रहता है।

एक कवि ने अपने कविता संग्रह का नाम रखा है:- "माया दर्पण"। अगर इन कवि महोदय का तुक में विश्वास होता तो इसकी तुक "पितृ तर्पण" से बहुत अच्छी बैठती।

अश्क के एक उपन्यास का शीर्षक है:—'शहर में घूमता आईना।' इस शीर्षक को पढकर मुझे पहली बार पता चला कि शहर में केवल

चोर, उचक्के, पाकिटमार और पत्रकार ही नहीं घूमते, बल्कि आईना भी घूमता है।

कुछ दर्पण मज़ाक पसन्द भी होते हैं, मेरे पास एक दर्पण है। उसमें यदि सामने खड़े होकर शक्ल देखी जाए तो आदमी चिमगादड़ नज़र आता है और यदि साईड से देखें तो शक्ल बन्दर से मिलती जुलती है। इस किस्म के दर्पण या तो 'क्रैक' होते हैं या फिर उनके निर्माण में कोई दोष होता है।

वास्तव में मज़ाक पसन्द होने के लिए "क्रैक" होना बहुत आवश्यक है।

हास्य लेखकों को ही ले लीजिए। इनकी बुद्धि में बड़ी-२ दरारें हैं कि बस, मैं कुछ और नहीं लिखूंगी। कहीं आप मेरी बुद्धि की दरारों में ही न झांकना शुरु कर दें।

संगति का प्रभाव

—राजकुमारी बख्शी (क्रि० ह० स्कूल)

बहुत दिनों की बात है एक पेड पर एक ही मां की कोख से दो तोते पैदा हुए। दोनों साथ-साथ एक ही घोंसले में पलते थे। एक दिन ऐसा भयंकर तूफान आया कि दोनों बच्चे कहीं के कहीं जा पड़े। एक पहाड के ऊपर एक चोरों के गांव में जा पहुंचा और दूसरा आंधी की लपेट में पहाड के नीचे आ रहा। वहां ऋषियों का एक बहुत बडा आश्रम था। इस तरह दोनों भाई एक दूसरे से बिछुड गए और अलग-अलग जगहों में रहने लगे।

एक दिन पांचाल देश का राजा रथ पर चढकर उसी पर्वत प्रदेश में शिकार खेलने आया। एक हिरन का पीछा करते करते वह उन चोरों के गांव में जा पहुँचा। वह बहुत थक गया था, सुस्ताने के लिए वही एक बावडी के किनारे रुक गया। सारथी ने ज़मीन पर बिछौना बिछा दिया। राजा उसी पर आंखें मूंदकर लेट गया। वहां

उस समय गांव का कोई आदमी नहीं था। कुछ दूरी पर एक पेड के नीचे कोई आदमी बैठा था, उसी पेड पर एक तोता आकर बैठ गया। तोते ने राजा को सोते देखकर उस आदमी से कहा, "क्या देखते हो? मालदार आदमी है, अच्छा मौका है। मारकर इसके मुकट रत्न, हार आदि छीन लो? लाश को पत्ते से ढक देना, किसी को पता नहीं चलेगा।"

वह आदमी राजा को पहचानता था, इसलिए डरकर बोला "चुप यह मामूली आदमी नहीं, राजा है। इसके पास जाना तो आग से खेलना है।"

तोता फिर बोला, "अच्छा शिकार हाथ आया है। चूको मत, जाने न पाए......" सारथी तो सो गया था, लेकिन राजा लेटे-लेटे तोते की बात सुन रहा था। उसने तुरन्त सारथी को जगाकर कहा, "जल्दी रथ तैयार करो, यह स्थान बडा भयंकर जान पडता है। मुझे तो इस मायावी पंक्षी को देखकर बडा डर लगता है। यह आदमी की बोली में बडी अशुभ बातें कर रहा है।"

सारथी ने तुरन्त रथ तैयार कर दिया। राजा उसपर बैठकर चलने लगा तो तोता पीछे से चिल्लाकर बोला, अरे सब लोग कहां हो। दौडो-दौडो, तीर-धनुष लेकर पीछा करो, जाने न पाए।

इस तरह हल्ला मचाता हुआ वह चारों ओर उडने लगा। तब तक रथ दूर निकल गया। राजा की थकावट नहीं मिटी थी इसलिए पहाड के नीचे पहुँचकर वह विश्राम करने के लिए ऋषियों के आश्रम में पहुंचा। उस समय आश्रम में एक भी आदमी नहीं था, सब ऋषि-मुनि वन में फल-फूल लेने चले गए थे केवल एक तोता आश्रम के द्वार पर बैठा था। राजा को देखते ही वह मनुष्य की बोली में बोला, पधारिए श्रीमान इस तपोवन में आपका स्वागत है। आपके शुभागमन से हमें बडी प्रसन्नता है आप यहां आनन्द पूर्वक विश्राम करें। जिस वस्तु की आवश्यकता हो उसे आश्रम में से स्वयं लेने का कष्ट करें, क्योंकि इस समय सभी ऋषि-मुनि बाहर गए हैं। उधर फल-फूल रखे हैं, इधर ठंडा पानी है, आप इन्हें खा पीकर आराम करें।

राजा इस दूसरे तोते की मधुर वाणी से प्रसन्न होकर सारथी से बोला, "उस पहाडो तोते और इस तोते के रूप-रंग में तो कोई अन्तर

नहीं, लेकिन दोनों के वचन-व्यवहार में कितना अन्तर है। वह दुर्जन की भांति कर्कश स्वर में पकडो, मारो, छीन लो, जाने न पाए आदि चिल्लाता था और यह सज्जन की भांति सभ्य वाणी बोलकर मेरा स्वागत कर रहा है। इसका रहस्य समझ में नहीं आता।

इसे सुनकर आश्रमवासी तोते ने कहा, महाराज! यह सब संगति का प्रभाव है जिस तोते का हाल आप कह रहे, हैं वह मेरा सगा भाई है। हम लोग एक ही जगह पैदा हुए थे और बचपन में साथ-साथ रहते थे। दुर्भाग्य से वह नीचों की संगति में पड गया उसने धीरे-धीरे उन्ही के सब दुर्गुण सीख लिए। अब वह उन्ही की बोली बोलता है, और उन्ही के जैसा आचरण करता है। सौभाग्य से मैं सदाचारियों की संगति में आ पडा मेरे स्वभाव-चरित्र पर उन्ही की छाप पडी है। राजा को उस तोते की बात सत्य जान पडी वह उसे धन्यवाद देकर वहां से सहर्ष अपनी राजधानी को लौट गया।

बहनों से निवेदन

—श्याम लाल बीरा

बहनो, शीर्षक को देखकर ही अनुमान न करना कि मेरा निवेदन उनको सामाजिक कुरीतियों को सुधार करने के लिए है यद्यपि उन कुरीतियों का मोलोछेदन करना आजकल के युग में परम-आवश्यक है और पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं जाति में सुधार ला सकती हैं परन्तु मेरे आजकल के लेख का विषय उन बहनों से है जिनके बच्चे ह्यूमन्ज व्यलफियर ट्रस्ट के किसी संस्था में अध्ययन कर रहे हैं।

आजकल के युग को यदि संघर्षमय युग कहा जाए तो कोई अति उक्ति नहीं यदि एक भी प्राणी बेकार हो तो उसका पालन पोषण करना भी दूभर होता है क्योंकि महंगाई अपनी चर्म सीमा पर पहुँची है पुरुष को दिन भर की कठिन परिश्रम के पश्चात इतनी शक्ति नहीं रहती कि वह अपने बच्चों की पढाई की ओर ध्यान दे सके और देखें कि उनमें क्या कमी है, पढाई में क्या स्थिति है। आधुनिक काल की माताएं अधिकतर शिक्षित हैं और अनुभवी हैं उनका परम कर्तव्य

है, कि कम से कम इस बात में पुरुषों का हाथ बटाए इस तरह वह न केवल अपने पति की आर्थिक सहायता और मानसिक शान्ति देंगी अपितु अपने सन्तान का भविष्य उज्ज्वल बनाएगी।

इस शुभ कार्य के करने में उन्हें अधिक परिश्रम नहीं करना है बल्कि मास या सप्ताह में कभी एक आध घण्टे का अवसर निकालकर अपने बच्चों की पढ़ाई का निरीक्षण करने के लिए पाठशाला पधारें वहां के मुख्याध्यापिका अथवा तत् सम्बन्धी अध्यापिका से मिले और अपने बच्चे के शिक्षा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करें। एक दूसरे से विचार विमर्श करने से महान लाभ प्राप्त होगा और प्रत्येक समस्या का हल प्राप्त होगा इस तरह उसे दो महान उद्देश्य प्राप्त होंगे।

१. माता पिता और शिक्षक के बीच अच्छी सूझ बूझ उत्पन्न होगी।

२. बच्चे की समस्या हल होकर उत्तम शिक्षा प्राप्त करने में सहायक होगा जिस से कि बच्चे के व्यक्तित्व में वृद्धि होगी।

आजकल के माता पिता उस समय पाठशाला में पधारते हैं जब बच्चे को स्कूल में प्रवेश करना हो या जब दुर्भाग्य से असावधानी के कारण परीक्षा में असफल रहे। वे समझते कि बच्चे को पाठ्य् पुस्तकें, कापियां आदि देने से ही उनका कर्त्तव्य समाप्त हुआ। जो उनकी (क्षमा करें) बडी भूल है। जान डेवी के कथनानुसार 'घर तथा विद्यालय का सम्पर्क बच्चे के लिए महान हितकर है।

माता को अपने बच्चे की कमी का पूरा २ ज्ञान होता है क्योंकि वह सदा लालन पालन करती रहती है वह शिक्षक को बच्चे की कमजोरियों से अवगत कराए तो सम्भव है उसकी सहायता से उसकीं वह सारी कमजोरी दूर होगी।

हमारी संस्था ने गत कई वर्षों से माता पिता दिवस (parents day) मानाए। प्रत्येक माता पिता को सूचना दी गई परन्तु परिणाम यह निकला कि बिल्कुल थोडे महानुभाव पधारे परन्तु माता एक भी न आई। गोयाकि उनका यह कर्त्तव्य हो न था। सम्भवता पुरुष भी इसी लिए कम पधारे कि संस्था के अधिकारी संस्था के लिए कुछ चन्दा (दान) देने के लिए बाध्य करें। परन्तु हमारी संस्था का कदापि

यह विचार न था। संस्था का मुख्य उद्देश्य यही थी कि आपस के विचार विमर्श से लडकियों के हित की बातें सोची जाएं जिस से माता पिता के हित के साथ २ पाठशाला का भी हित होगा।

एक शिक्षक की सदा यही कामना रहती है कि उसके विद्यार्थी विद्या विशारद, चरित्र शील और गुणवान बनें जिस से न केवल अपने माता पिता का नाम रोशन करें अपितु अपने देश को अपने गुणों से चार चान्द लगाए। यह तब ही सम्भव हो सकता है जब माता पिता अपना सम्पर्क प्रायः पाठशाला से रखें। यही नम्र निवेदन है आशा है कि माताएं स्वीकार करेंगी।

अच्छे बच्चे, प्यारे बच्चे

—आशा हकीम (क० ह० स्कूल)

अच्छे बच्चे परीक्षा के दिनों में अपना ज्यादा समय खेलकूद में न बिता कर पढाई में लगाते हैं।

अच्छे बच्चे परीक्षा के दिनों में खाने पीने के मामले में सावधानी बरतते हैं और ऐसी कोई चीज नहीं खाते जिस से बीमारी हो।

अच्छे बच्चे परीक्षा के लिए कुछ खास-खास सवालों को ही नहीं तैयार करते बलिक पूरे विषय को तैयार करते हैं।

अच्छे बच्चे अगर कोई पाठ समझ में न आ रहा हो तो उसे योंही नहीं छोड देते बल्कि अपने किसी अध्यापक या घर के व्यक्ति से पूछ लेते हैं।

अच्छे बच्चे किसी पाठ या सवाल को घोटा नहीं लगाते बल्कि उसे समझ कर दिमाग में बैठा लेते हैं।

अच्छे बच्चे परीक्षा के दिनों में सवेरे से रात तक सिर्फ पढाई में ही नहीं डूबे रहते बल्कि दिमाग को आराम का भी मौका देता है।

अच्छे बच्चे परीक्षा भवन में कभी किसी की नकल नहीं करते न ही करने देते हैं। क्या तुम भी अच्छे बच्चे बनने को कोशिश करोगे?

(गलतियां)

जो हमेशा दूसरों की गलतियों को देखता फ़िरता है, वह आंख रहते अंधा होता है। हमें पहले अपनी गलतियों को देखना चाहिए और उसे दूर करना चाहिए, तब दूसरों की ओर ध्यान देना चाहिए क्योंकि गलतियां अकेली नहीं रहतीं। मशीन के पुर्जों की तरह वे एक दूसरे से सम्बन्ध रखती है। इसलिए कोई भी व्यक्ति गलतियों की चपेट में पडता है। यदि सभी अपनी गलतियों को सुधारने लग जाएँ तो सभी खुशहाल रहें। बचपन से ही ऐसी आदत लगाने से जीवन में खुशहाली कदम चूमती है।

पराया धन

—सुनीता मिराखुर (क० ह० स्कूल)

एक गांव में एक गरीब ब्राह्मण था। वह रोज़ चार घरों में जाकर पंचांग सुनाता था। उससे जो कुछ मिलता बडी मुश्किल से अपना परिवार चलाता था।

राजा को भी उस ब्राह्मण की गरीबी का समाचार मालूम हो गया। उसने उस ब्राह्मण की मदद करनी चाही। इसलिए पंचांग सुनाने के लिए उस ब्राह्मण को खबर भेजी।

ब्राह्मण ने राजा के पास जाकर तिथि नक्षत्र, शकुन, अपशकुन वगैरह बातें बताई। राजा ने उस ब्राह्मण को एक कुम्हाडा दिलाया।

ब्राह्मण कुम्हाडा ले चल पडा। रास्ते में वह एक और ब्राह्मण के घर के सामने खडे हो बोला—"भाई मुझे यह कुम्हाडा मिला है। हमारे घर में कोई भी कुम्हाडा पसन्द नहीं करता, इसलिए तुम लोग इसको उपयोग करो।" यह कहकर वह ब्राह्मण कुम्हाडा उस गृहस्थ को दे अपने घर लौट गया।

इसके बाद उस ब्राह्मण की पत्नी ने तरकारी बनाने के ख्याल से कुम्हाडा फोड दिया तो उनमें से सोने का एक पिंड नीचे गिरा।

"ओह ! बेचारे, उस पंचांग वाले ब्राह्मण ने यह न जानते हुए यह कुम्हाडा हमें दे दिया है कि इसमें सोना है। उसकी संपत्ति हमें नहीं लेनी है। आप जल्दी इसे उस ब्राह्मण को वापस कर दीजिये। पराया धन पाप के समान है।" ब्राह्मण की पत्नी ने समझाया।

सोने को देखते ही ब्राह्मण का मन ललचाया। उसने अपनी पत्नी से कहा तुम्हारा कहना सच है, फिर भी वह ब्राह्मण दरिद्र है इसलिए लक्षमी उसके घर न जाकर हमारे घर आई है। घर आई हुई लक्षमी को भगाने वाला मूर्ख होता है।

"अजी, पराया धन नाग के समान है। उसे हमें नहीं छूना चाहिये। मेरी बात सुनिये। ब्राह्मणी ने समझाया पर ब्राह्मण ने उसकी बात न सुनी।

दूसरे दिन जब राजा के पास गरीब ब्राह्मण पंचांग का पठर करने आया तब राजा ने उससे पूछा, क्या तुमने कल कुम्हाडा तरकारी बनाकर खा लिया? कैसा था? स्वादिष्ट था न?

गरीब ब्राह्मण ने यह सोचकर डर के मारे झूठ मूठ कुछ कह दिया कि सच्ची बात बता देने से राजा को क्रोध होगा—हां महाराज, कुम्हाडे की तरकारी खाई। बडी स्वादिष्ट थी।

ब्राह्मण ने सोने की बात न बताई इसलिए राजा ने सोचा कि उस ब्राह्मण ने कुम्हाडा किसी को दान कर दिया है। यह सोचकर कहा – कल मैंने जो कुम्हाडा दिया था वह छोटा था। आज बडा कुम्हाडा दिलाता हूं। इसका स्वाद कैसा है कल बता देना। यह कहकर राजा ने ब्राह्मण को और एक बडा कुम्हाडा दिलाया। गरीब ब्राह्मण ने उसे ही दिया था और अपने घर चला गया।

उस गृहस्थी से रहा न गया। उसने उसी वक्त कुम्हाडे को जमीन पर पटक दिया, उसमें से एक नाग निकल आया और गृहस्थी पर फुकारने लगा।

अरी यह तो नाग है, इसने मुझ पर हमला किया है। किसी तरह इसे मारना होगा। गृहस्थी चिल्ला पडा।

मैंने कल कहा था कि पराया धन नाग के समान है, आपने मेरी बात नहीं सुनी। ये कहते वह ब्राह्मणी उस गरीब ब्राह्मण के घर दौड गई और बोली—भैया ! मेरे पति को बचाओ, तुम अपना सोना वापस ले लो, मेरे पति को नाग से बचा लो मैं तुम्हारे पैर पडती हूं।

गरीब ब्राह्मण की समझ में यह बिलकुल न आया कि उसका सोना क्या है और नाग क्या है? वह चकित हो जडवत खडा रहा।

गृहस्थी की पत्नी ब्राह्मण का हाथ पकड उसे अपने घर खींच लाई। तब तक उस गृहस्थी के घर के सामने काफी लोग जमा हो गये थे। गृहस्थी हांफते हुए सारा समाचार सबको सुना रहा था। इस गड़बड में सांप कहीं भाग गया।

गरीब ब्राह्मण को देखते ही गृहस्थी ने कहा—मैंने तुम्हारा सोना हड़प लिया, जिस से आज मैं नाग के हमले से बाल २ बच गया। तुम अपना सोना लेते जाओ।

राजा ने पंचांग वाले ब्राह्मण के पीछे अपने भाटों को भेज दिया था। उन लोगों ने सारी घटना देखी और राजा को सुनाई। राजा ने जो चाल चली थी, उसके सफल हुए देख वह बहुत प्रसन्न हुआ।

हमारा समाज और दहेज-प्रथा

—रेखा पैशन (क० ह० स्कूल)

हमारे समाज में वैसे तो बहुत प्रकार की कुप्रथाएं हैं। लेकिन जिस प्रथा से हमारा समाज अवन्नति तथा अधोगति की गहराइयों में पहुंचता जा रहा है वह दहेज प्रथा है। अगर हम संसार में किसी भी देश की ओर देखें (वह सभ्य या असभ्य क्यों न हो) तो हमारे भारत की तरह दहेज प्रथा के चुंगल में भकडा हुआ नही दीखेगा। शिक्षित लडकियां इस फंदे में कभी नहीं फस सकती यदि वह अपनी सुशिक्षा से पूरा लाभ उठातीं। जब तक कि लडकियां सुशक्षित न बन जाएंगी, तब तक स्त्रियां दहेज प्रथा से छुटकारा नहीं पाएंगी।

इस दहेज-प्रथा से लडकियों का कोमल हृदय छलनी बन जाता है। यह प्रथा कितनी प्रबोध लडकियों के लिए प्राणघातिनी बन जाती है। यदि ऐसी ही दशा हमारे समाज की रहे, तो यह कभी भी उन्नति न कर सकेगा। तो क्या इन दानवी को दूर करने के लिए किसी में साहस नहीं ?

इस दानवी ने कब जन्म लिया, यह बताना कठिन है। शायद कुलीन घरानों की नकल छोटे घरानों ने की होगी। परन्तु इसका भविष्य में क्या और कैसा घातक प्रभाव पडेगा, यह उनकी धन की मस्ती ने न सूझा आजकल इसका हालाहल इतनी तेज़ी से बडता है, कि इसका रोकना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है।

हमारे समाज में ज्यों लडकी बडी हुई, त्योंही माता-पिता उसके विवाह की तैयारियां करने लगते हैं। पुत्र वाले क घर में पहली बात दहेज की होती है। यह तो नव-दस हज़ार से कम की बात ही नहीं करते। जिसका लडका जितना पढा लिखा होता है, वह तो उसी के अनुसार मोल चढाता है। इसी कारण लडकी के जन्म पर बिचारे माता-पिता का हृदय के आहों से काला हो जाता है। पर लडकी के माता-पिता का भी दोष है, वह यह कि वह लडकी की चाहत के विरुद्ध उसका विवाह करते हैं, जिसके कारण लडकी का विवाहित जीवन दुःख में व्यतीत होता है। जिस प्रकार लडके वाले के माता पिता लड़के की इच्छा अनुसार उसका विवाह करते हैं, इसी प्रकार लड़की के माता पिता को चाहिए कि वह उसी की इच्छा अनुसार उसका विवाह करे। हमारा समाज इन्ही कारणों के बिना पर गिर रहा है। अगर ऐसा न होता तो शायद दहेज प्रथा का अन्त भी हुआ होता। धिक्कार है, उनको जिन्होंने ऐसी प्रथाओं को जारी रखा है। हमारे समाज ने बालिका को क्रय-विक्रय की वस्तु समझ रखा है। यदि लडकी के माता पिता उतना दहेज न दे सकें, जितना कि पुत्र वाले ने मांगा हो, तो उसकी लडकी का रक्षक राम ही है। उसकी सुसराल में कैसी दशा होती है। विवाह के दो चार दिन के बाद ही वह उसको छोडते हैं। उस लडकी की शेष आयु दुःख सागर में डुबकियां लेता रहता है। जिसको बिचारे माता पिता ने अपनी हृदय रक्त से पाला है, उसी को ऐसो अवस्था वह सुसराल को मधुमय स्वर्ग समझ या दुखमय नरक।

पर दोषी कौन हैं ? हमारा समाज, जो अपने पांव पर आप कुल्हाड़ी मारता है। यह कारण है कि माता पिता के लिए भार-स्वरूप बन गई। नहीं तो लडकी लडके से किस बात में कम थी। क्या लडकी प्रत्येक कार्यक्षेत्र में लडके के कन्धों से कन्धा मिलाकर काम नहीं कर सकती ?

यह प्रथा तब दूर हो सकती है जब लडकियां शिक्षित बन जायेंगी। हर्ष की बात यह है कि ज्यों-ज्यों अब लडकियों में शिक्षा का प्रचार ज्यादा हो रहा है, त्यों-त्यों यह प्रथा दूर होती जा रही है और मेरे विचार में यह समय दूर नहीं है जबकि इस दहेज प्रथा का अन्त होगा उसी समय फिर हमारा समाज उन्नति की राह पर चलेगा, नहीं तो असम्भव है।

उत्तम सूझ

—इन्द्रा रैना (क० ह० स्कूल)

किसी नगर में एक सेठ रहता था, उसका घर बहुत बडा था। उसमें अनेक कमरे थे। सेठ बडे दरवाजे के पास वाले कमरे में सोया करता था।

एक रात को सेठ और उसकी सेठानी सोये हुए थे। बाहर घना अन्धेरा था, उसी समय एक चोर उस घर में घुसा। चोर के पैरों की आहट सेठ के कानों में पडी, वह जाग गया। उसने सेठानी को भी बिना कुछ बोले धीरे से जगा लिया। फिर सेठ ने एक उपाय सोचकर सेठानी से जोर से पूछा—"सेठानी! कल मैं रुपयों की जो थैली लाया था, तुमने वह कहां रखी है ?" सेठानी सेठ का मतलब समझ गई और बोली—"आपको एक बार जो बताया है कि कोठरी के अन्दर पुरानी अलमारी में रखी है।"

चोर ने दोनों की बातें सुनी, वह बहुत प्रसन्न हुआ और उसने सोचा—"अब रुपयों की जगह का भी मुझे पता चल गया है। अच्छा हुआ, इन्होंने मुझे देखा नहीं। नहीं तो रुपयों की बात क्यों पूछता और सेठानी क्यों बताती ?"

सेठ और सेठानी चुपके से लेटे रहे, चोर कोठरी के अन्दर गया, वहां वह रुपयों की थैली टटोलने लगा। उस अलमारी में भिडों का छत्ता था। चोर का हाथ उस पर पडा बस भिडों ने उसे काट खाया वह चिल्लाया।

इसी बीच सेठ ने बाहर से दरवाजा बन्द कर दिया और शोर भी मचाना शरु कर दिया—"चोर! चोर!! चोर!!!"

आस-पास के लोग इकट्ठे हो गये, घर में बत्ती जलाकर चोर को पकड लिया गया। सेठ ने जब सारी घटना सुनाई तो लोग उसकी बुद्धि की प्रशंसा करने लगे। चोर के हाथ, पांव, मुँह, सिर सब सूज-२ कर कुप्पी हो गये। अब उससे चला भी न जाता था, जैसे तैसे उसे थाने में पहुँचाया गया।

हाथी और लंगूर

—अनील अकरू (क० ह० स्कूल)

किसी जमाने में हाथियों ने एक गहरा कुआं खोदा। जमीन में से ठण्डा और निर्मल पानी निकला। कुआं ऊपर तक पानी से भरा हुआ था हाथी पानी पीते रहे, जी भरकर पानी पीते रहे और इसके बाद पत्ते और टहनियां खाने चले जाते।

इसी वक्त इस कुएं पर लंगूर आये, पहले तो उन्होंने अपनी प्यास बुझाई और जब पूरी तरह से तृप्त हो गये, तो वहीं अपने बच्चों को नहलाने धुलाने लगे।

शाम को हाथी कुएँ पर लौटे तो देखा कि पानी पीने लायक नहीं है। हमें प्यास लगी है, बहुत जोर की प्यास लगी है" हाथियों के बच्चे ठुनकने लगे। थोडा सब्र करो, पिता हाथी ने कहा, हम नया कुआं खोद लेते हैं और इसे लंगूर के लिए रहने देते हैं।

रात को लंगूर नये कुएं पर आ धमके। जिस कुएं को उन्होंने खुद ही गन्दा किया था, वहां उन्होंने पानी नहीं पीना चाहा। उन्होंने

